# पीर गंगानाथ महाराज ने रेवत के लिए प्रस्थान किया



जालोर में पीर गंगानाथ महाराज के रेवत गांव में चातुर्मास के लिए रवाना होने पर शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के तिलकद्वार के अंदर स्थित भैरूनाथ अखाडे से पीर गंगानाथ महाराज चातुर्मास के लिए रेवत गांव शोभायात्रा के साथ रवाना हुए।

पीर गंगानाथ महाराज अपने सातवॉ चातुर्मास रेवत गांव के अमरनाथ मंदिर में करने के लिए शुकवार को शोभायात्रा के साथ भक्तो की उपस्थिति में भैरूनाथ अखाडे से प्रस्थान किया। चातुर्मास के लिए रेवत गांव प्रस्थान करने से पूर्व पीर गंगानाथ महाराज ने भैरूनाथ अखाडे में मंदिरो में दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद हजारों भक्तों की उपस्थिति में पीरजी महाराज के जयकारों व ढोल ढमाकों के साथ पीर गंगानाथ महाराज रेवत गांव के लिए प्रस्थान करने के लिए रथ में सवार हुए। शोभायात्रा में उॅट, घोडे पर लहराता धर्म ध्वजा, उसके बाद बैड बाजो की भक्तिमय स्वर लहरिया के बीच फिंजा में उड़ते गुलाल से पूरा माहौल धर्ममय नजर आया। पीर गंगानाथ महाराज से आशीर्वाद लेने के लिए पुरे रास्ते भक्तों का रेला लगा रहा। शोभायात्रा में रथो में विराजे बैगलोर स्थित कादरी मठ के महंत निर्मलनाथ महाराज, चामुण्डा माता मदिर के महंत पवनपुरी महाराज, भैरूनाथ अखाडे के आनंदनाथ महाराज, गोपालनाथ महाराज, धुणिया मठ के महंत सोमनाथ महाराज व मोहननाथ महाराज सहित अन्य साधु संतो का भक्तो का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। शोभायात्रा तिलकद्वार के अंदर स्थित भेरूनाथ अखाडे से होते हुई हरिदेव जोशी सर्किल, हॉस्पीटल चौराहा, सूरजपोल, भीनमाल बाई मार्ग से होते हुए रेवत गांव पहुंची। शोभायात्रा में महिलाओं ने भी भजन किर्तन के साथ शोभायात्रा में शिरकत की। जालोर से रेवत गांव तक भक्तो का रेला नजर आया। शोभायात्रा में भक्तो ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में काफी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। चातुर्मास सेवा समिति के व्यवस्थापक पारसमल परमार ने बताया कि पीर गंगानाथ महाराज 15 सितम्बर तक रेवत गांव में चातुर्मास के दौरान भक्ति में लीन रहेगे। इस दौरान रेवत गांव स्थित अमरनाथ मंदिर में कई धार्मिक कार्यकम आयोजित होगे। वही पीर गंगानाथ महाराज से आशीर्वाद लेने प्रतिदिन भक्तो का रेला लगा रहेगा। वही चातुर्मास को लेकर रेवत ग्रामवासियों ने अमरनाथ मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। रेवत गांव मे चातुर्मास को लेकर भक्तों में उत्साह देखा गया।

## यूनुस खान का पुतला फूंका

**जोधपुर**, (कासं)। रोडवेज कर्मचारियों ने शुक्रवार को पूर्व परिवहन मंत्री एवं वर्तमान निर्दलीय विधायक यूनुस खान का पुतला फूंका। रोडवेज कर्मचारियों का आरोप है कि यूनुस खान ने विधानसभा में रोडवेज निगम के खिलाफ गलत बयान दिए हैं , जिससे प्रदेश भर के रोडवेज कर्मचारियों में आक्रोश है।

रोडवेज कर्मचारियों ने केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड में विधायक यूनुस खान के पुतले की शवयात्रा निकाली। इसके बाद पुतला फूंका गया। रोडवेज कर्मचारियों ने यूनुस खान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। रोडवेज कर्मचारियों ने कहा कि विधायक एवं पूर्व परिवहन मंत्री यूनुस खान छह साल पहले जब वसुंधरा सरकार में मंत्री थे तब उन्होंने वसुंधरा के साथ मिलकर एक साजिश के तहत राजस्थान रोडवेज को बंद करने के लिए लोक परिवहन को परमिट जारी किए थे। अब दो दिन पहले यूनुस खान ने विधानसभा में बहस के दौरान कहा कि राजस्थान में डीजल महंगा हो गया है जिसके कारण राजस्थान रोडवेज बसें चल नहीं सकती। इसलिए राजस्थान सरकार को रोडवेज को बंद करके लोक परिवहन को परमिट दे देना चाहिए। पूर्व मंत्री का यह बयान रोडवेज कर्मचारियों व निगम के खिलाफ है।

# 'नशा मुक्ति पोस्टर' व 'साथी स्कूल चल' का पम्पलेट जारी



जालोर में नशा मुक्ति अभियान को लेकर कलैक्टर पूजा पार्थ ने पोस्टर का विमोचन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन, जालोर एवं डाईट जालोर द्वारा नशे से दुश्प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूकता करने के लिए जिला कलैक्टर पूथा पार्थ एवं जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने नशा मुक्ति अभियान के पोस्टर का विमोचन किया।

प्रप्त जानकारी के अनुसार पोस्टर के माध्यम से अफीम, डोडा, शराब, एमडी, स्मैक सहित विभिन्न प्रकार के नशों के विरूद्ध स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

इस दौरान जिला कलैक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक द्वारा स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से साथी स्कूल चल कार्यक्रम से संबंधित पम्पलेट का विमोचन भी किया गया।

# पाली के सूरजपोल चौराहे पर आतिशबाजी की



राज्यसभा सांसद पूर्व विधायक मदन राठौड़ को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर पाली में पूर्व यू.आई.टी. अध्यक्ष संजय ओझा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाई। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। राज्यसभा सांसद पूर्व विधायक मदन राठौड़ को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर पाली में गुरुवार शाम को पूर्व यूआईटी अध्यक्ष संजय ओझा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाते हुए बैंड बाजे बजवाकर एक दूसरे को मिठाई खिला मुंह मीठा किया। जोरदार आतिशबाजी की गई।

भाजपा नेता पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा , नरेश ओझा, पूर्व प्रधान श्रवण बंजारा, सभापति रेखा भाटी, राकेश भाटी, सुरेश चौधरी, गणपत मेघवाल, रणजीत सिंह, मुकेश नाहर, राजेश पवार अल्पसंख्यक मोर्चा के मुन्ना मकरानी, अजीज कोहिनूर आदि मौजूद थे।

## युवक मर्जी से किन्नर बना

**जोधपुर**, (कासं)। लूणी तहसील के एक गांव से युवक के अपहरण किए जाने को लेकर गुरूवार को उसकी मां ने पुलिस में गुहार लगाई थी। महिला का आरोप था कि उसके बेटे को उदयपुर के किन्नरों द्वारा बहला फुलसाकर अपहरण कर लिया गया है। मगर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। लूणी थानाधिकारी हुकमसिंह ने मामले की जांच करते हुए महिला के बेटे का पता लगाया। कॉल कर बात की और आज इस घटनाक्रम में अपहरण की बात को झूठा बताया गया। युवक अब किन्नर बन गया है और अपनी मर्जी से किन्नर बनने की बात कही है। घरवालों में उस पर पैसों का दबाव बनाया है।

थानाधिकारी हुकमसिंह ने बताया कि एक महिला थाने में आई थी। उसने बताया कि उसका पुत्र रविन्द्र चौदह माह पूर्व उदयपुर गया था। वहां पर गोगुन्दा किन्नरों गैग बना रखा है।

उसके पुत्र से बात की गई तो पता लगा कि अपहरण का मामला झूठा दर्ज करवाया गया है। आज रविंद्र को बुलाया गया तो उसने साफतौर पर कहा कि उसका किसी ने अपहरण नहीं किया है। वह अपनी मर्जी से किन्नर बना है। उसके परिवार वाले अब पैसों के लिए दबाव बना रहे है।

# एक किलो अवैध अफीम के साथ दो जने गिरफ्तार



बिशनगढ़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही कर दो आरोपी गिरफ्तार किए। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के बिशनगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही कर एक किलो 60 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मादक पदार्थ तस्करी में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल को जब्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिशनगढ़ थाना पुलिस टीम को सरहद कतरोसन में कार्यवाही करते हुए आशाराम पुत्र उदयलाल जाति गाडरी उम्र 30 साल निवासी सवाईपुर पुलिस थाना बडलियास जिला भीलवाड़ा व भरतकुमार पुत्र परेश्वरलाल जाति ब्राहमण उम्र 24 साल निवासी सतो पुलिस थाना झिनझियाली जिला जैसलमेर के कब्जा से अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध कुल 01 किलो 60 ग्राम बरामद कर अफीम तस्करी में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकल को जब्त किया जाकर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**जोधपुर संवाददाता के अनुसार** : शास्त्रीनगर थाने में कबूतरों का चौक घांचियों का बास निवासी संजय प्रजापत ने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक जलजोग चौराहा के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई।

बासनी थाने में जैन मंदिर के सामने प्रेमनगर सांगरिया फांटा निवासी शंकरलाल पुत्र रामकरण लोहार ने पुलिस को बताया कि 24 जुलाई की रात्रि के समय अज्ञात व्यिंक्त उसके मकान के बाहर खड़ी की बाइक को चुराकर ले गया।

## सौर ऊर्जा प्लांट से बंद होने लगे कटाण मार्ग

**बाप**, (निसं)। बाप कस्बे के निकट नोख सडक मार्ग पर 6 किमी दूर एक सोलर कंपनी स्थापित हो रही है। कंपनी कार्य शुरू हो गया है। कार्य शुरू होते ही वंहा के लोग परेशान हो उठे।

ग्रामीणों का कहना है कि ढाणी आने जाने, मंदिर जाने आदि के कटाण मार्ग बंद हो रहे है। ग्रामीणो ने गुरूवार को यंहा उपखंड अधिकारी को इस संबध में ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में लिखा कि नगर पालिक बाप से करीबन 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित खसरा नंबर 697/2787 में एक सोलर कंपनी का प्लांट स्थापित हो रहा है। उक्त प्लांट के लगने के कारण आस पास में वर्षो से स्थाई निवास करने वाले 25 3० घरों का कटाण मार्ग व तालाब, मंदिर जाने वाले सभी आम रास्ते बंद कर दिये है। कटाण मार्ग बंद करने के कारण किसानो व जातरूओं तथा पशुओ को आने जाने में भयंकर परेशानी का सामना करना पड रहा है।

सोलर कंपनी के अधिकारियों से बात करने पर वे संतोषजनक जवाब नही दे रहे है। प्लांट के पास ही शहीद भंवरसिंह स्मारक बना हुआ है। जंहा पर भी कई परिवार निवास कर रहे है। पहले से लाइट पानी की लाइनो को भी हटाने का प्रयास किया जा रहा है। आमजन की समस्या को देखते हुए उचित कार्यवाही करावे।

ज्ञापन सौंपते समय नारायणलाल, गजेलाल, अर्जुनलाल, सुरताराम, माणकराम, देवीचंद, राजेंद्र, कानाराम, जसराज, पार्षद नारायण कुमावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में फरार आरोपी गिरफ्तार

- राजकॉप एप के माध्यम से फोटो मिलाने पर अभियुक्त पकड़ में आया
- चितौड़गढ़ के 258 किलोग्राम डोडा पोस्त के प्रकरण में फरार था आरोपी

**जोधपुर**, (कासं)। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने चितौड़गढ़ से मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

ए.सी.पी. प्रतापनगर अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना सदर जिला चितौड़गढ़ के 258 किलोग्राम डोडा पोस्त के प्रकरण में फरार आरोपी प्रवीण उर्फ पिन्टुउर्फ टेना दस्तयाब किया गया है। आरोपी के कब्जे से एक क्रेटा कार एमवी एक्ट में जब्त की गई है।

थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि कांस्टेबल वीराराम और अशोक द्वारा थाना चौपासनी हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में संदिग्धों को राजकॉप एप के माध्यम से फोटो मिलाने करने के लिए थाना से रवाना होकर अशोक उद्यान के सामने पहुंचे तो अशोक उद्यान के सामने एक संदिग्ध क्रेटा कार जिसमें दो जवान उम्र के लड़के बैठे हुए मिले।

क्रेटा कार में बैठे दोनों संदिग्ध युवकों के फोटो राजकॉप पुलिस एप में मिलान करने पर एक युवक का फोटो मादक पदार्थ के प्रकरण में संदिग्ध फोटो लगने पर सूचना दी गई।

इस पर सांयकालीन ड्यूटी अधिकारी रामप्रसाद सउनि मय जाप्ता को मौके पर भेजकर दोनों युवकों से बारीकी से पूछताछ करने पर संतोषजनक जबाव नहीं देने पर क्रेटा कार जब्त की।

# चिकित्सक शिक्षकों का प्रदर्शन जारी




बाड़मेर में प्रोफेसर डॉक्टरों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए धरना स्थल पर डाईंग कैडर शव यज्ञ किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बाड़मेर**, (निसं)। राजस्थान चिकित्सा शिक्षा सोसाइटी (राजमेस) में पहले से कार्यरत चिकित्सक शिक्षकों को डाइंग कैडर घोषित करने के विरोध में राजकीय चिकित्सालय परिसर में डॉक्टर्स पांचवे दिन भी हड़ताल पर रहे।

इस दौरान चिकित्सक शिक्षकों द्वारा शुक्रवार की रोज भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। प्रोफेसर डॉक्टरों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए धरना स्थल पर डाईंग कैडर शव को रखकर सद्बुद्धि यज्ञ किया। वहीं चिकित्सकों द्वारा जमकर नारेबाजी भी की गई।

एसोसियन के सचिव डॉ. अनिल सेठिया व डॉ. पंकज अग्रवाल ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार और मंत्री से अपील करते हुए कहा कि हम डॉक्टर टीचर्स डाइंग कैंडर के चलते बेहद परेशान है। इसके चलते प्रदेशभर में राजमेस के चिकित्सकों में भारी रोष व्याप्त है। हमारी जायज मांगों को सरकार समझे और इस कैंडर को खत्म कर हमारे ऊपर आरएसआर के नियम लागू किए जाए। जहां एक और सरकार के विरुद्ध चिकित्सकों में भारी रोष व्याप्त है। वहीं डॉक्टरों द्वारा धरना स्थल पर ही ओपीडी शुरू कर मरीजों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान चिकित्सकों ने कई मरीजों को धरना स्थल पर शुरू की गई ओपीडी में जांच कर राहत पहुंचाई। डॉ. दिनेश गढवीर, डॉ. खेताराम सोनी, डॉ. बालाराम चौधरी, डॉ. रमेश कटारिया सहित डॉक्टर्स मरीजों की जांच की।

इस दौरान उनका कहना है कि हमारी मंशा नहीं है कि कोई मरीज हमारी वजह से परेशान हो। हम लोग डॉक्टर मरीजों को चैक करने के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज में पढ़ाते भी है। डॉक्टर अनिल सेठिया ने कहा कि राजस्थान में जब 17 मेडिकल कॉलेज खुले थे उस समय तब डॉक्टरों ने पुरानी जॉइन छोड़कर राजमेस ज्वांइन किया। कुछ नए डॉक्टर भी आए। उसमें मेडिकल टीचर्स की बड़ी कमी थी। हम लोगों ने कॉलेज की नींव रखी। धीरे-धीरे हमने इन कॉलेज को बढ़ाया। आज बाड़मेर मेडिकल कॉलेज से नया बैच भी निकलने जा रहा है। इंटर्न में अपनी सेवाएं दे रहे है। इस दौरान डॉ. दीपक तंवर व डॉ. गिरीश बानिया ने कहा कि राजस्थान में कुल 750 से ज्यादा राजमेश के डॉक्टर हैं। वहीं बाड़मेर में 45 डॉक्टर हैं। राजमेस के अंडर में प्रोफेसर लगे हुए हैं। काफी समय से लगे हुए हैं। राजस्थान सरकार ने आरएसआर रूल्स लागू किया है। नए वाले प्रोफेसर भर्ती के लिए। पुराने टीचर जो मेडिकल कॉलेज में स्टूडेंट्स को पड़ा रहे थे। काफी सारे बैच भी निकल चुके हैं।

चिकित्सक शिक्षकों की वाजिब मांगों को लेकर चल रही हडताल के दौरान आईएमए शाखा बाडमेर के अध्यक्ष डॉ कुंदनदान चारण व सचिव डॉ. हरीश जांगिड ने आरएसआर रूल्स के लिए संघर्ष कर रहे चिकित्सकों के समर्थन में एसोशियशन को पत्र सौंपा। वहीं यूनाइटेड प्राइवेट क्लिनिक व हॉस्पिटल असोसिएशन ऑफ राजस्थान भी चिकित्सक शिक्षकों के समर्थन में आ गए है।

मेडिकल कॉलेज बाडमेर के सभी फैकल्टीज के डॉ अभिजीत, डॉ योग प्रकाश, डॉ कैलाश खत्री, डॉ रमेश कटारिया, डॉ सिद्धार्थ चौहान, डॉ कमला वर्मा , डॉ गिरीश बानिया, डॉ गिरीश कुमार, डॉ मदन कुमार सोलंकी, डॉ मोतीलाल खत्री, डॉ घनश्याम, डा महिपाल चौधरी, डॉ खेताराम सोनी, डॉ सुरेंद्र सिंह चौधरी, डॉ मनीष कुमार, डॉ दिलीप चौधरी, डॉ बालाराम चौधरी, डॉ दिनेश गढवीर, डॉ भीमराज सिंघवी, डॉ भानु प्रताप सिंह, डॉ दिलीप गोदारा, डॉ दीपक तंवर आदि उपस्थित रहे।


## विकास मंच ने एयरपोर्ट अधिकारी को ज्ञापन दिया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर विकास एवं विचार मंच ने जैसलमेर सिविल एयरपोर्ट निदेशक प्रमोद कुमार मीणा से मिलकर भारत के नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सिंधिया को लिखा गया है कि पर्यटन नगरी जैसलमेर जहां वर्ष पर्यन्त देशी विदेशी सैलानी आते हैं लेकिन आवागमन के साधन समुचित रूप से उपलब्ध नहीं होने के कारण पर्यटन व्यवसाय पर विपरीत असर पड रहा है

ज्ञापन में लिखा है कि पिछले वर्ष हवाई सेवाओं से जुड़ी कंपनियों को विभिन्न शहरों के लिए 37 फीसदी से अधिक यात्री भार मिला है । अगर पूरे वर्ष सेवाएं चालू रहती हैं तो पर्याप्त यात्री भार मिलने की पूरी संभावना है तथा हवाई कंपनियों को लाभ के साथ जैसलमेर के नागरिकों, पर्यटन व्यवसायियों को भी फायदा हो सकता है। वर्तमान में जैसलमेर पर्यटन के अलावा सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है यहां आर्मी, एयर फोर्स तथा बीएसएफ के मुख्यालय भी है। कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां विंड, सोलर, ऑयल गैस, आदि कार्यों में लगी है पडोसी नगर बाड़मेर में रिफाइनरी का काम चल रहा है इनके हजारों कर्मचारी अधिकारी यहां कार्यरत हैं। आवागमन के लिए न तो रेल सुविधा है और न ही वायुसेवा हां सिर्फ विंटर सीजन में वायुसेवा चार पांच माह के लिए चलती है यही वायु सेवा वर्ष पर्यंत चालू रहे तो पर्यटन व्यवसाय के पंख लग सकते हैं साथ ही सैनिकों तथा कंपनियों के कर्मचारी अधिकारियों को भी सुविधा मिल सकती है अतः वायुसेवा को 365 दिन चालू किया जावे ज्ञापन के दौरान मंच के ऋषि तेजवानी, महेश वासु, चंद्रशेखर श्रीपत, मनोहरलाल केला , खेताराम सुथार, पुरुषोत्तम पुरोहित, बाबूलाल लिलावत, तथा जोरावरलाल उपस्थित रहे।

# बच्चों की काउंसलिंग समय पर कराएं : अहसान अहमद



जालोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश अहसान अहमद ने केयर होम में पौधारोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने शुक्रवार को राजकीय किशोर एवं संप्रेषण गृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने विधि से संघर्षरत बालकों से वार्तालाप कर गृह में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बालकों के प्रकरणों के बारे में भी जानकारी ली और जिनकी अपील या जमानत पेश की गई है। उनकी जमानत व अपील करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी मोर कंवर को शिशुगृह, सम्प्रेषण एवं सुरक्षित गृह में रहने वाले बालकों को नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए शिशु की समय समय पर स्वास्थ्य जांच करवाई जावें एवं डॉक्टर के निर्देशानुसार दवायाइयां आदि समय समय पर दे, उन्होंने शिशु के खान पान को लेकर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि बालकों को दिये जाने वाले भोजन उचित गुणवत्ता बनाए रखे। उन्होंने उपस्थित अधिकारी को कहा कि नियमानुसार उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। उन्होंने कहा कि गृह में रहने वाले बालकों समय समय पर काउंसलिंग करवाई जावे। उन्होंने कहा कि बालकों के कक्षों में पर्याप्त संख्या में टयूबलाइट, बल्ब, पंखे कूलर आदि की व्यवस्था की जावे। इसी प्रकार उन्होंने नर्मदा कॉलोनी स्थित वात्सल्य केयर होम का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित अधीक्षक खींवसिंह को निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में बालकों के खान पान का विशेष ध्यान रखा जावे एवं बालकों को डॉक्टर के निर्देशन में दवाइयां दी जावे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बालकों की पढाई को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जावे। निरीक्षण के दौरान केयर होम परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण भी किया गया।

उपस्थित कर्मचारियों को आव्हान किया कि इस मौसम में अधिक से अधिक पौधारोपण किया जावे एवं उनका संरक्षण किया जावे। इस दौरान बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सुभाषचंद्र मणि, गृह के खींवसिंह राजपुरोहित के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहे।